## प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **20-09-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1 थाना ठाकुरद्वारा पुलिस द्वारा गौकशी के वांछित आरोपी को किया गया गिरफ्तारः-**



अवगत कराना है कि दिनांक 25.07.2025 को थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्रान्तर्गत अभियुक्तों द्वारा गौकशी की घटना कारित की गई। जिस सम्बन्ध में थाना ठाकुरद्वारा पर मु0अ0सं0-310/2025, धारा- 3/5क/8 गौवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधि0 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 20.09.2025 को थाना ठाकुरद्वारा पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त सफिया उर्फ सफी पुत्र सब्बीर निवासी ग्राम किशनपुर गांवडी थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया । अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:**

सफिया उर्फ सफी पुत्र सब्बीर निवासी ग्राम किशनपुर गांवडी थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद

**पंजीकृत अभियोगः-**

मु0अ0सं0-310/2025, धारा- 3/5क/8 गौवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधि0

**गिरफ्तारी करने वाली टीम:**

उ0नि0 श्री कुलदीप कुमार

कांस्टेबल सचिन कुमार,

कांस्टेबल कुलदीप कुमार, थाना ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद

**2- दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने का 01 आरोपी गिरफ्तार,थाना भोजुपरः-**




अवगत कराना है दिनांक 07.08.2025 को वादी निवासी थाना भोजुपर क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादी की पुत्री के साथ जबरन दुष्कर्म करना तथा शोर मचाने पर गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देना व वादी की छोटी पुत्री के साथ छेड़खाड करना तथा वादी द्वारा अभियुक्तगण से शिकायत करने पर अभियुक्तगण द्वारा एक राय होकर गाली गलौच कर मारपीट करना तथा जान से मारने की धमकी देना आदि के सम्बन्ध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना भोजपुर पर मु0अ0सं0-331/2025 धारा-64(1),74,191(2),115(2),352,351(3), बीएनएस व 7/8 पोक्सो एक्ट बनाम फिरोज आदि पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 20.09.2025 को उ0नि0 ब्रजपाल सिंह थाना भोजपुर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी फिरोज पुत्र माजिद हुसैन निवासी मौहल्ला बगियावाला कस्बा व थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। साक्ष्य संकलन/बयानों के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-333,126(2),127(1)324(4) बीएनएस की वृद्धि की गयी। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:**

फिरोज पुत्र माजिद हुसैन निवासी मौहल्ला बगियावाला कस्बा व थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद

**पंजीकृत अभियोगः-**

मु0अ0सं0-331/2025 धारा-64(1),74,191(2),115(2),352,351(3), बीएनएस व 7/8 पोक्सो एक्ट

**गिरफ्तारी करने वाली टीम:**

उ0नि0 ब्रजपाल सिंह

हे0का0 कुलदीप सिंह

का0 अमजद चौधरी, थाना भोजपुर, मुरादाबाद।

**3- अवैध चाकू के साथ एक आरोपी गिरफ्तार,थाना कटघरः-**



अवगत कराना है आज दिनांक 20.09.2025 को उ0नि0 श्री अमित कुमार शर्मा थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी मोनू दिवाकर पुत्र लक्ष्मण दिवाकर निवासी बल्देवपुरी पीतलनगरी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना कटघर पर मु0अ0सं0- 592/2025 धारा-4/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत किया गया । अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:**

मोनू दिवाकर पुत्र लक्ष्मण दिवाकर निवासी बल्देवपुरी पीतलनगरी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद

**पंजीकृत अभियोगः-**

मु0अ0सं0-592/2025 धारा-4/25 शस्त्र अधि0

**बरामदगीः-**

एक अवैध चाकू

**गिरफ्तारी करने वाली टीम:**

उ0नि0 अमित शर्मा,
का0 शुभम कुमार,
का0 अनुज कुमार, थाना कटघर,मुरादाबाद।

**4- शादी का झांसा देकर, बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार,थाना कटघरः-**



अवगत कराना है दिनांक 05.06.2025 को वादिनी निवासिनी थाना कटघर क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादिनी की बहन को शादी का झांसा देकर, बहला-फुसलाकर ले जाने के संबंध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0-329/2025 धारा-87/69 बीएनएस 2023 बनाम पंकज पुत्र रामकुवंर पंजीकृत किया गया। लड़की को पूर्व में ही सकुशल बरामद किया जा चुका है। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 20.09.2025 को म0उ0नि0 लीना कुशवाहा थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्त पंकज पुत्र रामकुवंर निवासी सिरसा इनायतपुर दौडभाग थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:**

पंकज पुत्र रामकुवंर निवासी सिरसा इनायतपुर दौडभाग थाना कटघर जनपद मुरादाबाद

**पंजीकृत अभियोगः-**

मु0अ0सं0-329/2025 धारा-87/69 बीएनएस 2023

**गिरफ्तारी करने वाली टीम:**

म0उ0नि0 लीना कुशवाहा

हे0का0 सुधांशु,

हे0का0 अरविन्द कुमार, थाना कटघर, मुरादाबाद।

**5-जनपदीय पुलिस द्वारा 03 वारंटी तथा शांति व्यवस्था भंग करने में 16 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।**

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा 03 वारंटी तथा 16 व्यक्तियों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**वारंटीः-**

**थाना मझोला-03,**

**शांति व्यवस्था भंग के आरोपीगण विवरणः-**

**थाना मझोला-02, थाना कटघर-09, थाना पाकबड़ा-02, थाना कांठ-01, थाना सोनकपुर-02,**